my city
अमर उजाला
सूर्योदय सुबह 5:30
सूर्यास्त शाम 7:12
स्थानीय समयानुसार
44° 28°
temperature
अगले 7 दिनों का पूर्वानुमान देखें- amarujala.com/weather
रोहतक | रविवार 19.05.2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, विक्रम संवत 2081
amarujala.com/jind
जींद





# मतदान हमारा नैतिक दायित्व : कुलपति



लोकमत परिष्कार संगोष्ठी में भाग लेते वीसी डॉ. रणपाल सिंह व अन्य अतिथि। संवाद

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में लोकतंत्र महापर्व के उपलक्ष्य में लोकमत परिष्कार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि मुकेश गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि राजबीर सिंह रहे। मंच संचालन डॉ. सुमन पूनिया ने किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। मतदान करना हमारा दायित्व भी है। 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में भाग अवश्य लें। मतदाता होने पर गर्व महसूस करें। उन्होंने कहा कि 25 मई को सभी छात्र, कर्मचारी, शिक्षक अपने परिवार और पड़ोसियों को लेकर मतदान करने अवश्य जाएं। वोट देना आपका अधिकार है। आपको इसका सम्मान करना चाहिए। हमें लगता है कि हमारे एक वोट नहीं देने से क्या होता है, लेकिन एक-एक वोट बेहद जरूरी है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह का समाज हो। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो और देश विकास करे। देश के विकास में हमारा भी योगदान होना चाहिए। एक अच्छी सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। एक अच्छे प्रतिनिधि के चुनाव से देश में शांति और समृद्धि आती है। मुख्यातिथि मुकेश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में सभी अपने परिजनों सहित आहुति अवश्य दें।

आप प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं। सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि राजबीर सिंह ने कहा कि समाज व शासन की स्थापना के लिए प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार दिया गया है। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है।

पंजाब केसरी

Date: 19.05.2024

# मतदान आपके अधिकार के साथ-साथ आपका नैतिक दायित्व भी है : कर्नल रणपाल सिंह

जींद, 18 मई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में लोकतंत्र महापर्व के उपलक्ष्य में 'लोकमत परिष्कार' संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यातिथि के तौर पर मुकेश गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर रणबीर सिंह रहे।

कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का सबसे कीमती अधिकार है और मतदान प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करना हमारा नैतिक दायित्व है। 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को तथा छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। अत: आप सबसे मेरा आग्रह है कि मतदान प्रक्रिया में भाग लें और मतदाता होने पर गर्व महसूस करें। 25 मई को सभी विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक अपने परिवार के लोगों के साथ, अपने पड़ोसियों को साथ लेकर मतदान करने अवश्य जाएं। वोट देना आपका अधिकार है, आपको इसका सम्मान करना चाहिए। हमें लगता है कि हमारे एक वोट नहीं देने से क्या ही होता है, लेकिन एक-एक वोट बेहद जरूरी और कीमती है।



सी.आर.एस.यू. में संगोष्ठी दौरान मौजूद सदस्य।

## लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी आहुति अवश्य दें : मुकेश गर्ग

मुख्यातिथि मुकेश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आप सभी, अपने परिवार, परिजनों सहित अपनी आहुति अवश्य दें। आप प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। आपका वोट भारत के भविष्य में निश्चित ही सहायक होगा। आप (मतदाता) लोकतंत्र के संरक्षक हैं इसलिए मतदान जरूर करें। विशिष्ट अतिथि राजबीर सिंह ने कहा कि समाज व शासन की स्थापना के लिए प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार भारतीय संविधान में दिया गया है। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है।

इस प्रकार हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देशों में सबसे बड़ा है क्योंकि हमारे यहां मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे ज्यादा है। लोकमत परिष्कार संगोष्ठी का मंच संचालन शोभनीय रूप में डॉ. सुमन पूनिया ने किया।

पानीपत, रविवार, 19 मई, 2024

जागरण सिटी

दैनिक जागरण
जींद







# मतदान आपके अधिकार के साथ ही नैतिक दायित्व भी है : डा. रणपाल सिंह

जागरण संवाददाता, ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में लोकतंत्र महापर्व के उपलक्ष्य में लोकमत परिष्कार संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर मुकेश गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर रणबीर सिंह रहे। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का सबसे कीमती अधिकार है और मतदान प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करना हमारा नैतिक दायित्व है। 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही हैं छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। 25 मई को विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक अपने परिवार के लोगों के साथ लेकर मतदान करने अवश्य जाएं।

जागो वोटर



वीसी डा. रणपाल सिंह।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

**Date: 18.05.2024**

# मतदान आपके अधिकार के साथ-साथ आपका नैतिक दायित्व भी है : वीसी

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 'लोकमत परिष्कार' संगोष्ठी



जींद. सीआएसयू में आयोजित सेमिनार में पहुंचे मुख्यातिथि व स्टाफ।

भास्कर न्यूज | जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 'लोकमत परिष्कार' संगोष्ठी में मुख्यातिथि के तौर पर मुकेश गर्ग और विशिष्ट अतिथि के तौर पर रणबीर सिंह रहे। कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने कहा कि 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है पांचवे चरण का मतदान 20 मई को तथा छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। सभी विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक अपने परिवार के लोगों के साथ, अपने पड़ोसियों को साथ लेकर मतदान करने अवश्य जाएं।

मुख्यातिथि मुकेश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में सभी लोग अपने परिवार, परिजनों सहित अपनी आहुति अवश्य दें। रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह का समाज हो। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो और देश विकास करें। प्रो. मंजू रेढू ने कहा कि एक अच्छी सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि राजबीर सिंह ने कहा कि समाज व शासन की स्थापना के लिए प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार भारतीय संविधान में दिया गया है। हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देशों में सबसे बड़ा है क्योंकि हमारे यहां मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे ज्यादा है। संगोष्ठी का मंच संचालन डॉ. सुमन पूनिया ने किया।

दैनिक सवेरा टाइम्स

Date: 19.05.2024

# मतदान आपके अधिकार के साथ-साथ आपका नैतिक दायित्व भी है : कर्नल डा. रणपाल सिंह



कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यातिथि व अन्य अतिथिगण।

## लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी आहुति अवश्य दें : मुकेश गर्ग

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 18 मई : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में लोकतंत्र महापर्व के उपलक्ष्य में लोकमत परिष्कार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर मुकेश गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर रणबीर सिंह रहे। लोकमत परिष्कार संगोष्ठी का मंच संचालन डॉ. सुमन पूनिया ने किया। इस संगोष्ठी में सभी अधिष्ठाता, प्राध्यापक एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी प्रशासनिक कर्मचारी विद्यमान रहे। कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का सबसे कीमती अधिकार है और मतदान प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करना हमारा नैतिक दायित्व है। 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को तथा छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। अत प्रत्येक व्यक्ति मतदान प्रक्रिया में भाग लें। मतदाता होने पर गर्व महसूस करें। 25 मई को सभी विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक अपने परिवार के लोगों के साथ, अपने पडोसियों को साथ लेकर मतदान करने अवश्य जाएं। वोट देना आपका अधिकार है, आपको इसका सम्मान करना चाहिए। हमें लगता है कि हमारे एक वोट नहीं देने से क्या ही होता है, लेकिन एक-एक वोट बेहद जरूरी और कीमती है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह का समाज हो। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो और देश विकास करें। देश के विकास में हमारा भी योगदान होना चाहिए। आप (मतदाता) लोकतंत्र के संरक्षक हैं इसलिए मतदान जरूर करें। विशिष्ट अतिथि राजबीर सिंह ने कहा कि समाज व शासन की स्थापना के लिए प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार भारतीय संविधान में दिया गया है। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। इस प्रकार हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देशों में सबसे बडा है क्योंकि हमारे यहां मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे ज्यादा है।